43 वाँ राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह
43rd National Film Festival
1996

संपादन
पूर्बा रॉय

Editor
PURBA ROY

समन्वय
राजीव जैन
हरविन्दर सिंह

Co-ordination
Rajeev Jain
Harvinder Singh

सहयोग
राजकुमार धीर

Assistance
Raj Kumar Dhir

उत्पादन
जी.पी. धुसिया
वी.के. मीणा
ए.के. सिन्हा

Production
G.P. Dhusia
V.K. Meena
A.K. Sinha

फ़िल्म समारोह निदेशालय के लिए विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आकल्पित और प्रकाशित।
मुद्रक : तारा आर्ट प्रिंटर्स, नई दिल्ली-110 002

Designed and produced by the Directorate of Advertising & Visual Publicity, Ministry of Information & Broadcasting, Government of India, for the Directorate of Film Festivals, Printed at Tara Art Printers, New Delhi-110 002

विषय सूची

CONTENTS

	Page No.	
निर्णायक मण्डल	1	**JURY MEMBERS**
कथाचित्र पुरस्कार	5	**AWARDS FOR FEATURE FILMS**
सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार	6	Best Feature Film
निर्देशक की सर्वोत्तम प्रथम कथाचित्र के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार	8	Indira Gandhi Award for Best First Film of a Director
लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए पुरस्कार	10	Best Popular Film Providing Wholesome Entertainment
राष्ट्रीय एकता संबंधी सर्वोत्तम कथाचित्र का नर्गिस दत्त पुरस्कार	12	Nargis Dutt Award for Best Feature Film on National Integration
परिवार कल्याण संबंधी सर्वोत्तम फ़िल्म	14	Best Film on Family Welfare
अन्य सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फ़िल्म	16	Best Film on other Social Issues
पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण पर सर्वोत्तम फ़िल्म	18	Best Film on Environment/Conservation/Preservation
सर्वोत्तम बाल फ़िल्म	20	Best Children's Film
सर्वोत्तम निर्देशन	22	Best Director
सर्वोत्तम अभिनेता	24	Best Actor
सर्वोत्तम अभिनेत्री	26	Best Actress
सर्वोत्तम सह-अभिनेता	28	Best Supporting Actor
सर्वोत्तम सह-अभिनेत्री	30	Best Supporting Actress
सर्वोत्तम बाल-कलाकार	32	Best Child Artiste
सर्वोत्तम पार्श्व गायक	34	Best Male Playback Singer
सर्वोत्तम पार्श्व गायिका	36	Best Female Playback Singer
सर्वोत्तम छायांकन	38	Best Cinematography
सर्वोत्तम पटकथा	40	Best Screenplay
सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन	42	Best Audiography
सर्वोत्तम संपादन	44	Best Editing
सर्वोत्तम कला निर्देशन	46	Best Art Direction
सर्वोत्तम वेशभूषाकार	48	Best Costume Designer
सर्वोत्तम संगीत निर्देशन	50	Best Music Direction

सर्वोत्तम गीत	52	Best Lyrics
निर्णायक मण्डल का विशेष पुरस्कार	54	Special Jury Award
सर्वोत्तम विशेष प्रभाव	56	Best Special Effects
सर्वोत्तम नृत्य संयोजन	58	Best Choreography
सर्वोत्तम असमिया कथाचित्र	60	Best Feature Film in Assamese
सर्वोत्तम बंगल कथाचित्र	62	Best Feature Film in Bengali
सर्वोत्तम अंग्रेज़ी कथाचित्र	64	Best Feature Film in English
सर्वोत्तम हिन्दी कथाचित्र	66	Best Feature Film in Hindi
सर्वोत्तम कन्नड़ कथाचित्र	68	Best Feature Film in Kannada
सर्वोत्तम मलयालम कथाचित्र	70	Best Feature Film in Malayalam
सर्वोत्तम मणिपुरी कथाचित्र	72	Best Feature Film in Manipuri
सर्वोत्तम मराठी कथाचित्र	74	Best Feature Film in Marathi
सर्वोत्तम उड़िया कथाचित्र	76	Best Feature Film in Oriya
सर्वोत्तम तमिल कथाचित्र	78	Best Feature Film in Tamil
सर्वोत्तम तेलगु कथाचित्र	80	Best Feature Film in Telugu
विशेष उल्लेख	82	Special Mention
गैर कथाचित्र पुरस्कार	85	**AWARDS FOR NON-FEATURE FILMS**
सर्वोत्तम गैर कथाचित्र पुरस्कार	86	Best Non-Feature Film
निर्देशक का सर्वोत्तम प्रथम गैर कथाचित्र पुरस्कार	88	Best First Non-Feature Film of a Director
सर्वोत्तम मानवशास्त्री/मानवजातीय फ़िल्म	90	Best Anthropolocial/Ethnographic Film
सर्वोत्तम जीवनी फिल्म	92	Best Biographgical Film
सर्वोत्तम कला/सांस्कृतिक फ़िल्म	94	Best Arts/Cultural Film
सर्वोत्तम वैज्ञानिक फ़िल्म	96	Best Scientific Film
सर्वोत्तम पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण फ़िल्म	98	Best Environmental/Conservation/Preservation Film
सर्वोत्तम कृषि फ़िल्म	100	Best Agricultural Film
सर्वोत्तम ऐतिहासिक पुनर्निर्माण/संकलन फ़िल्म	102	Best Historical Reconstruction/Compilation Film
सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फ़िल्म	104	Best Film on Social Issues
सर्वोत्तम शैक्षिक/प्रेरक/शिक्षाप्रद फ़िल्म	106	Best Educational/Motivational/Instructional Film
सर्वोत्तम खोजी फ़िल्म	108	Best Investigative Film
सर्वोत्तम कार्टून फ़िल्म	110	Best Animation Film

विशेष निर्णायक मण्डल पुरस्कार	112	Special Jury Award
सर्वोत्तम लघु कल्पित फ़िल्म	114	Best Short Fiction Film
परिवार नियोजन सर्वोत्तम फ़िल्म	116	Best Film on Family Welfare
सर्वोत्तम छायांकन	118	Best Cinematography
सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन	120	Best Audiography
सर्वोत्तम संपादन	122	Best Editor
सर्वोत्तम संगीत निर्देशन	124	Best Music Director
विशेष उल्लेख	126	Best Special Mention
पुरस्कार जो नहीं दिए गए	128	Awards Not Given
सिनेमा पर सर्वोत्तम लेखन पुरस्कार	129	**AWARDS FOR WRITING ON CINEMA**
सर्वोत्तम सिनेमा पुस्तक (1995)	130	Best Book on Cinema (1995)
सर्वोत्तम फ़िल्म समीक्षक (1995)	132	Best Film Critic (1995)
विशेष उल्लेख	134	Special Mention
कथासार : कथाचित्र	137	**SYNOPSES : FEATURE FILMS**
अंथी मंथाराई	138	Anthi Mantharai
बंगड़वाड़ी	139	Banagarwadi
बैंडिट क्वीन	140	Bandit Queen
भैरवी	141	Bhairavi
बॉम्बे	142	Bombay
दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे	143	Dilwale Dulhaniya Le Jayenge
डोघी	144	Doghi
हैलो	145	Halo
इतिहास	146	Itihaas
कालापानी	147	Kaala Pani
काहिनी	148	Kahini
कथापुरूषन	149	Kathapurusham
क्राऊर्या	150	Kraurya
मिनी	151	Mini
मोक्ष	152	Moksha

नसीम	153	Naseem
ओर्माइंडेकालुडंरिक्कानम	154	Ormakalundayirikkanam
दे रेप इन द वर्जिन फॉरेस्ट	155	Rape in the Virgin Forest
सनाबी	156	Sanabi
संगीत सागर गानयोगी पंचाक्षर गवई	157	Saneetha Saagara Ganayogi Panchrakshara Gavai
स्त्री	158	Stri
स्वामी विवेकानन्द (भाग 1)	159	Swami Vivekananda (Part I)
द मेकिंग ऑफ द महात्मा	160	The making of the Mahatma
युगांत	161	Yugant

कथासार: गैर कथाचित्र	163	**SYNOPSES : NON-FEATURE FILMS**
ए सेलेश्चियल ट्राइस्ट एवं अजीत	164	A Celestial Tryst & Ajit
ए लिविंग् लिजेड एवं औल अलोन इफ नीड बी	165	A living legend & All Alone if need be
अमृत बीज एवं भाल्जी पेंढारकर	166	Amrit Beeja & Bhalji Pendharkar
ड्रिप एण्ड स्प्रिंकलर इरिगेशन एवं होम अवे फ्राम होम	167	Drip & Sprinkler Irrigation & Home away from home
इतिहासथिले खसक एवं कुट्रावली	168	Itihasathile Khasak & Kutravali
लिमिट टू फ्रीडम एवं माझी	169	Limit to Freedom & Majhi
मेमोरीज ऑफ फीयर एवं 'ओ'	170	Memories of fear & 'O'
ऊडाहा एवं पाकरन्नाट्टम अम्मानूर	171	Oodaha & Pakarnnattam Ammannur
सोच समझ के एवं सोना माटी	172	Soch Samajh Ke & Sona Mati
तराना एवं तत्व	173	Tarana & Tatva
द रेबेल एवं येल्हऊ जागोई	174	The Rebel & Yelhou Jagoi

निर्णायक मण्डल Jury Members

कथाचित्र निर्णायक मण्डल

JURY FOR FEATURE FILMS

ऋषिकेश मुखर्जी (अध्यक्ष)
Hrishikesh Mukherjee (Chairman)

किरन वी. शांताराम
Kiran V. Shantaram

के.जी. जॉर्ज
K.G. George

गौतम बोरा
Gautam Bora

एम. प्रभाकर रेड्डी
M. Prabhakar Reddy

आर. लक्ष्मण
R. Lakshman

जे. महेन्द्रन
J. Mahendran

दीप्ती नवल
Deepti Naval

नारायण चक्रवर्ती
Narayan Chakraborty

पी.ए. सलीम
P.A. Saleem

हरि कुमार
Hari Kumar

शरत पुजारी
Sarat Pujari

अशोक कुमार
Ashok Kumar

संजय चैटर्जी
Sanjay Chatterjee

के. इबोहल शर्मा
K. Ibohal Sharma

पी.बी. श्रीनीवास
P.B. Sreenivos

गैर-कथाचित्र निर्णायक मण्डल

JURY FOR NON-FEATURE FILMS

विजया मूले (अध्यक्षा)
Vijaya Mulay (Chairperson)



कलांद कुमार भट्टाचार्य
Kulanda Kumar Bhattacharya

नरेश बेदी
Naresh Bedi

प्रदीप बिस्वास
Pradeep Biswas

एम.वी. कृष्णास्वामी
M.V. Krishnaswamy

सिनेमा लेखन निर्णायक मण्डल JURY FOR WRITING ON CINEMA

अरूणा वासुदेव (अध्यक्षा)
Aruna Vasudev (Chairperson)

विनोद तिवारी
Vinod Tiwari

रंगराजन (सुजाता)
Rangarajan (Sujata)

कथाचित्र पुरस्कार

Awards for Feature Films

सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार

कथापुरूषन (मलयालम)

निर्माता : **अदूर गोपालाकृष्णन** को स्वर्ण कमल तथा 50,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **अदूर गोपालाकृष्णन** को स्वर्ण कमल तथा 50,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कथाचित्र का 1995 का पुरस्कार मलयालम फिल्म **कथापुरूषन** को स्वतंत्रता की पूर्व संध्या में उत्पन्न हुए एक व्यक्ति विकास विलक्षण चित्रण के लिए दिया गया है। यह फिल्म श्रेष्ठ सिनेमाई गुणों और सार्वभौम आकर्षण के साथ एक व्यक्ति के माध्यम से भारत में स्वतंत्रता के पश्चात सामाजिक-राजनैतिक विकास की जानकारी देती है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM

KATHAPURUSHAN (MALAYALAM)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 50,000/- to the Producer: **ADOOR GOPALAKRISHNAN**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 50,000/- to the Director: **ADOOR GOPALAKRISHNAN**

Citation

The Award for the Best Feature Film of 1995 is given to the Malayalam Film **KATHAPURUSHAN** for the remarkable portrayal of the growth of an individual born on the eve of Independence. The film gives an insight into the socio-political evolution of the post-independent India through the individual with outstanding cinematic qualities and universal appeal.

अदूर गोपालकृष्णन का जन्म केरला के अदूर गाँव में कथकली का प्रदर्शन करने वाले एक परिवार में हुआ। उन्होंने आठ साल की अल्प आयु में ही कथकली का मंच पर प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया था। जब तक उन्हें अर्थ शास्त्र तथा राजनीति विज्ञान में गांधिग्राम ग्रामीण विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त हुई, वे 20 अत्यंत विख्यात नाटकों का निर्माण कर चुके थे, जिनमें आधे उन्होंने स्वयं लिखे थे। उन्होंने 1962 में सरकारी नौकारी से इस्तीफा देकर फिल्म एवं टेलिविज़न संस्थान से पटकथा, लेखन तथा निर्देशन में 1965 में स्नातक बनें। उसी वर्ष उन्होंने त्रिवेन्द्रम में चित्रलेखा फिल्म संस्था का आरम्भ किया - जो केरला फिल्म समाज आंदोलन का पथ प्रदर्शक था। भारत की प्रथम फिल्म निर्माण तथा वितरण की सहकारी संस्था जिसकी अदूर गोपालकृष्णन ने 1965 में स्थापना की। उन्होंने आठ कथाचित्र तथा 24 से अधिक ग़ैर कथाचित्र तथा लघु चित्रों को लिखा तथा उनका निर्देशन भी किया है।

उन्हें सर्वोत्तम निर्देशक का राष्ट्रीय पुरस्कार 4 बार प्राप्त हो चुका है। उन्हें कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं। उनकी प्रमुख फिल्म हैं - **स्वयमवरम्** (1972), **कोडियेट्टम** (1977), **एलिप्पाथायम्** (1981), **मुखामुखम्** (1984), **माथीलुकल** (1989), **विधेयन** (1993)। उन्हें सिनेमा पर सर्वोत्तम पुस्तक का राष्ट्रीय पुरस्कार सिनेमायुडे लोकम (सिनेमा की दुनिया) के लिए 1993 को प्राप्त हुआ था। उन्हें 1994 में सिनेमा में योगदान के लिए पद्मश्री की उपाधी प्रदान की गई थी।

Adoor Gopalakrishnan was born in the village of Adoor in Kerala into a family which traditionally patronised and practised Kathakali - a highly stylised dance drama. He began acting on the stage at the age of eight. By the time he graduated in Economics and Political Science from Gandhigram Rural University, he had already produced over 20 critically - acclaimed plays, besides authoring half of them. He left a Government job in 1962 to join the FTII and graduated in script-writing and direction in 1965. The same year, he started the Chitralekha Film Society of Trivandrum-pioneering the film society movement in Kerala. India's first film co-operative for production, distribution of artistic films was also founded by him in 1965. He has written and directed eight feature films and over two dozen documentaries and short films.

He has received the National Award for Best Director four times. He has also won many International awards as well. His films include **Swayamvaram** (1972), **Kodiyettam** (1977), **Elippathayam** (1981), **Mukhamukham** (1984), **Mathilukal** (1989), **Vidheyan** (1993). He has been the recipient of National Award for the Best Book on Cinema in 1993 for Cinemaynde Lokam (The World of Cinema). He was honoured with the title of Padmashri in 1984 for his contribution to the field of cinema.

निर्देशक की सर्वोत्तम प्रथम कथाचित्र के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार

काहिनी (बंगला)

निर्माता : **चन्द्रमाला भट्टाचार्य** एवं **मलय भट्टाचार्य** को स्वर्ण कमल तथा 25,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **मलय भट्टाचार्य** को स्वर्ण कमल तथा 25,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

निर्देशक की सर्वोत्तम प्रथम कथाचित्र के लिए 1995 का इंदिरा गांधी पुरस्कार बंगला फिल्म **काहिनी** को निर्भीक एवं प्रवर्ती शैली तथा विषय वस्तु में आकार को विलय करने और विषय के चयन के लिए प्रदान किया गया है।

INDIRA GANDHI AWARD FOR THE BEST FIRST FILM OF A DIRECTOR

KAHINI (BENGALI)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 25,000/- to the Producer: **CHANDRAMALA BHATTACHARYA & MALAYA BHATTACHARYA**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 25,000/- to the Director: **MALAYA BHATTACHARYA**

Citation

The Indira Gandhi Award for the Best First Film of a Director for the year 1995 is given to the Bengali Film **KAHINI,** for its bold and innovative style and choice of a subject in which the form and content merges into one.

चन्द्रमाला भट्टाचार्य ने गवर्नमेंट कॉलेज आफ आर्ट एण्ड क्राफ्ट, कलकत्ता से 1970 में डिप्लोमा प्राप्त किया। उसके पश्चात् वे 1971 में प. जर्मनी चली गई जहां उन्होंने कई विज्ञापन एजेन्सियों में इलस्ट्रेटर एवं विज़ुआलाइज़र के रूप में कार्य किया। 1977 में वे कलकत्ता आए और अपने पति मलय भट्टाचार्य के साथ मूवीमिल नामक फिल्म और विडियों निर्माण यूनित की स्थापना की। गौल्पो शौल्पो नामक 13 भागों की बंगला टी.वी. धारावाहिक उनका प्रथम निर्माण था। **काहिनी** उनकी निर्माण की प्रथम कथाचित्र है।

Chandramala Bhattacharya obtained a diploma in Commercial Art from Govt. College of Art & College, Calcutta in 1970. She moved to West Germany in 1971 and for the next six years worked there in various advertising agencies as illustrator and visualizer. She returned to Calcutta in 1977 and with her husband, Malay Bhattacharya, launched a film & video production unit, Moviemill. **Galpo Salpo** — a Bengali TV Serial in thirteen episodes was the first major production produced by her. **Kahini** is her first feature film as joint producer.

मलय भट्टाचार्य ने स्नातक बनने के बाद गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्ट एण्ड क्राफ्ट, कलकत्ता के फैकल्टी ऑफ आर्ट से 1970 में अप्लाएड आर्ट का डिप्लोमा प्राप्त किया। उसके पश्चात वे जर्मनी चले गए और वहां उन्होंने 1970 से 1977 तक ग्राफिक डिजाइनर का कार्य किया। 1977 में वे कलकत्ता आए और तब से उन्होंने टी वी के नाटकों का पटकथा, लेखन तथा निर्माता-निर्देशन किया। **काहिनी** उनका प्रथम कथाचित्र है जो उन्होंने तीन वर्षों में पूरा किया।
ये उनका पहला राष्ट्रीय पुरस्कार है।

Malaya Bhattacharya, after graduation, obtained a diplome in Applied Art from the Faculty of Arts from Govt. College of Art & Craft, Calcutta in 1970. He then went to Germany and worked as a graphic designer from 1970-77. He returned to Calcutta in 1977 and since then he has been writing screenplay, producing and directing TV plays. **Kahini** is his first feature film which took him three years to complete.
This is his first National Award.

लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए पुरस्कार

दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (हिन्दी)

निर्माता : **यश चोपड़ा** को स्वर्ण कमल तथा 40,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **आदित्य चोपड़ा** को स्वर्ण कमल तथा 20,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वोत्तम कथाचित्र का 1995 का पुरस्कार हिन्दी फिल्म **दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे** को संवेदनशील एवं स्नेह के साथ एक सहज प्रेम कथा के द्वारा अर्थपूर्ण पारिवारिक मनोरंजन प्रदान करने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST POPULAR FILM PROVIDING WHOLESOME ENTERTAINMENT

DILWALE DULHANIA LE JAYENGE (HINDI)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 40,000/- to the Producer: **YASH CHOPRA**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Director: **ADITYA CHOPRA**

Citation

The Award for the Best Popular Film providing wholesome entertainment of 1995 is given to the Hindi Film **DILWALE DULHANIA LE JAYENGE** for providing meaningful family entertainment through a simple love story with kindness and senstivity.

यश चोपड़ा बम्बई फिल्म जगत का एक बहुचर्चित नाम है। वे एक अति परिचित फिल्म निर्माता तथा निर्देशक हैं। उन्होंने यश राज फिल्मस प्रा.लि. की स्थानपा की। उनकी प्रथम फिल्म थी **धूल का फूल** (1958) जिसके बाद की फिल्में हैं **धर्मपुत्र** (1962), **वक्त** (1965), **इत्तेफाक** (1969), **दीवार** (1975), **कभी-कभी** (1976), **त्रीशूल** (1978), **सिलसिला** (1981), **चान्दनी** (1989), **लम्हें** (1991), **परम्परा** (1992), **डर** (1994) - इसमें से कुछ फिल्में उन्होंने स्वयं निर्मित भी की। उन्होंने कई फिल्मों का निर्माण किया - **दूसरा आदमी** (1977), **नूरी** (1979), **सवाल** (1989), **नाखुदा** (1981), **आइना** (1993), **ये दिल्लगी** (1994) इत्यादि। उन्हें **चांदनी** (1989) और **डर** (1994) के लिए लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था। उन्हें कई अन्य पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं। वे फिल्म से संबंधित कई संस्थाओं के सदस्य भी हैं।

Yash Chopra is an established name in the Bombay Film Industry. He is a renowned producer and director. He is also the founder of Yash Raj Films Pvt. Ltd. His first film was **Dhool Ka Phool** (1958) followed by popular films like **Dharam Putra**(1962), **Waqt** (1965), **Ittefaq** (1969,) **Deewar** (1975), **Kabhi Kabhi** (1976), **Trishul** (1978), **Silsila** (1981), **Chandni** (1989), **Lamhe** (1991), **Parampara** (1992), **Darr** (1994) — some of which he has produced himself. He has also produced films - **Doosara Aadmi** (1977), **Noorie** (1979,) **Sawaal** (1989), **Nakhuda** (1981), **Aaina** (1993) **Yeh Dillagi** (1994) etc. He has received the National Award for Best Film providing popular and wholesome entertainment for **Chandni** (1989) and **Darr** (1994). He has been the recipient of many other awards. He is also the member of many a film oriented organisations.

आदित्य चोपड़ा ने **लम्हें** तथा **डर** फिल्मों में अपने पिता यश चोपड़ा की सहायता की तथा वे **ये दिल्लगी** फिल्म के निर्माता भी थे।
ये फिल्म उनकी प्रथम है तथा वे इसके निर्देशक, कहानीकार तथा पटकथा लेखक भी हैं। आदित्य ने **दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे** के अतिरिक्त संवाद भी लिखे हैं।
ये उनका प्रथम राष्ट्रीय पुरस्कार है।

Aditya Chopra has assisted his father Yash Chopra for the films **Lamhe** and **Darr** and produced the film **Yeh Dillagi**.
This is his first film as director and story, screen-play writer. He has also written the additional dialogues for this film.
This is his first National Award.

राष्ट्रीय एकता संबंधी सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार

बॉम्बे (तमिल)

निर्माता : **मणि रत्नम** एवं **एस. श्री राम** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **मणि रत्नम** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

राष्ट्रीय एकता संबंधी सर्वोत्तम कथाचित्र का 1995 का पुरस्कार तमिल फिल्म **बॉम्बे** को धर्म के नाम पर हत्याकांड की निरर्थकता दर्शाने और साम्प्रदायिक फूट की समस्या के निर्भय एवं संवेदनशील चित्रण के लिए दिया गया है।

NARGIS DUTT AWARD FOR BEST FEATURE FILM ON NATIONAL INTEGRATION

BOMBAY (TAMIL)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Producer: **MANI RATNAM** and **S. SRI RAM**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Director: **MANI RATNAM**

Citation

The Award for the Best Feature Film on National Integration of 1995 is given to the Tamil Film **BOMBAY** for its bold and sensitive approach to the problem of communal divide and for bringing out the futility of the carnage in the name of religion.

एस. श्री राम ने वाणिज्य में मद्रास विश्वविद्यालय से स्नातक किया। उसके बाद चार्टर्ड एकाउंटेन्ट बने तथा इन्डियन इनस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, कलकत्ता से व्यापार प्रशासन में स्नातकोत्तर की उपाधी प्राप्त हुई। उन्होंने ए.एन. फरगूसन में सीनीयर कन्सल्टेंट, ग्रिन्डलेज़ बैंक तथा ब्रूक बॉन्ड में आठ साल नौकरी की। उसके पश्चात् उन्होंने फिल्म इन्डस्ट्री में 1989 से निर्माता का कार्य आरंभ किया। उन्होंने उनकी आलयम् संस्था की स्थापना व **क्षात्रियम** (1990), **दसरथम** (1993), **थिरूडा-थिरूडा** (1993), **आसाइ** (1995), **बॉम्बे** (1995) का निर्माण किया है।

S. Sri Ram is a commerce graduate from Madras University, a Chartered Accountant and a Master of Business Administration from Indian Institute of Management, Calcutta. He has worked in Grindlays Bank as a Senior consultant with AN Ferguson (Management consultants) and as Financial Controller with Brooke Bond spanning 8 years. He joined the Film Industry in 1989, as a producer. He has produced 5 films under his banner 'Aalayam' — **Chatriyam** (1990), **Dasaratham** (1993), **Thiruda-Thiruda** (1993), **Aasai** (1995), **Bombay** (1995).

मणि रत्नम ने मद्रास विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक की उपाधी प्राप्त की। उसके बाद उन्होंने बजाज इनस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बम्बई से व्यापार प्रशासन में स्नातकोत्तर की उपाधी प्राप्त की। उनका फिल्म निर्देशन का आरम्भ **पल्लवी अनुपल्लवी** (1983) (कन्नड़) से हुआ जिसमें उन्हें कर्नाटक राज्य का सर्वोत्तम पटकथा पुरस्कार प्राप्त हुआ। उनकी फिल्मों को कई राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हैं। उनकी कुछ प्रमुख पुरस्कृत फिल्में हैं - **मौना रागम्** (1986), **नायागन** (1987), **अग्नि नाटचात्रम** (1988), **गीतांजली** (1989), **अंजलि** (1990), **रोजा** (1992), **थिरुडा-थिरुडा** (1993)। उनकी फिल्मों को कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शित किया गया तथा उन्हें कई राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं।

Mani Ratnam is a commerce graduate from Madras University and also a Master of Business Administration from Bajaj Institute of Management, Bombay. His first directorial venture was **Pallavi Anupallavi** (1983) in Kannada which won him the Karnataka State Award for Best Screen-play. His films have won many National Awards. Some of his award winning films include **Mouna Ragam** (1983), **Nayagan** (1987), **Agni Natchatram** (1988) **Gitanjali** (1989), **Anjali** (1990), **Roja** (1992), **Thiruda-Thiruda** (1993). His films have been screened at many Internatinal festivals and have won many national and international awards.

परिवार कल्याण संबंधी सर्वोत्तम फिल्म पुरस्कार

मिनी (मलयालम)

निर्माता : **मधु** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **पी. चन्द्र कुमार** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

परिवार कल्याण संबंधी सर्वोत्तम कथाचित्र का 1995 का पुरस्कार मलयालम फिल्म **मिनी** को, एक बच्ची की अपने पिता को स्वनाश से बचाने के दृढ़ प्रयासों के माध्यम से नशे की समस्या के प्रभावी प्रदर्शन के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST FILM ON FAMILY WELFARE

MINI (MALAYALAM)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Producer: **MADHOO**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Director: **P. CHANDRA KUMAR**

Citation

The Award for the Best Film on Family Welfare of 1995 is given to the Malayalam Film **MINI** for the effective handling of the problem of alchoholism through the determined efforts of a young girl to save her father from self destruction.

मधु का जन्म त्रिवेन्द्रम में हुआ तथा उन्होंने केरला विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधी प्राप्त की। बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय से उन्होंने हिन्दी में स्नातकोत्तर किया और मद्रास विश्वविद्यालय में लेक्चरर नियुक्त हुए। उन्होंने 1962 में नैशनल स्कूल आफ ड्रामा से स्नातक किया। उसके बाद उन्होंने 400 फिल्मों में अभिनय किया जिनमें प्रमुख हैं **भारगवी नीलायम, ओलावम थीरावम, स्वयमवरम, थुरक्काथावाथिल, कुदुमबासामेटम, चम्पाकुलम थाचेन**, इत्यादि। मधु ने 14 फिल्मों का निर्माण और निर्देशन भी किया - **प्रिया, सिंदूराचेप्पू, उदायम पादिनजारू, ओरू उगासंध्या**। उनका न्यूनतम निर्माण है **मिनी**। मधु को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के कई पुरस्कार प्राप्त हुए। वे कई फिल्म संबंधित संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं।

Madhoo was born in Trivandrum and graduated from the Kerala University. He did his master degree in Hindi from Benaras Hindu University and started a career in Madras University as a lecturer. He later joined National School of Drama and graduated from there in 1962. He has acted in about 400 films, well known of them being **Bhargavi Nilayam, Olavum Theeravum, Swayamvaram, Thurakkathavathil, Kudumbasametom, Champakulam Thachen**, etc.

Madhu has produced and directed fourteen films — **Priya, Sindhooracheppu, Udayam Padinjaru, Oru Ugasandhya**. His latest production is **Mini**. He has been the recipient of many state and national level awards. He is a part of many a film based organisation.

पी. चन्द्र कुमार का पेशा ही फिल्म निर्देशन है। उन्होंने 1977 से अपना निर्देशन कार्य आंरभ किया, एक सहायक के रूप में तथा कई प्रसिद्ध निर्देशकों के साथ काम किया जैसे हरिहरन, डा. बालाकृष्णन, पी. भास्करन, इत्यादि। अब तक उन्होंने 120 फिल्मों को निर्देशित किया जिनकी भाषाएँ अलग-अलग थी जैसे मलयालम, तमिल, तेलगु, कन्नड़ तथा हिन्दी। उनकी निर्देशन में बनी कुछ प्रसिद्ध फिल्में इस प्रकार हैं - **उयारूम नजान नादाके, अस्थामायम, एयर होस्तेस, सुधि कलासम** (सभी मलयालम में), **अमावसी इराविल** (तमिल), **मीना बजार** (हिन्दी) इत्यादि। पी. चन्द्रकुमार को **मिनी** के लिए राज्य स्तर पर कई पुरस्कार प्राप्त हुए।

P. Chandra Kumar is a professional film director. He has started his career from 1977 as an assistant director and has worked under most of the renowned directors like Hariharan, Dr. Balakrishnan, P. Bhaskaran, and others. Till date he has directed over 120 films in various languages viz. Malayalam, Tamil, Telugu, Kannada and Hindi. Some of his directed, memorial films include - **Uyarum Njan Naddake, Asthamayam, Air hostess, Sudhi Kalasam** (all in malayalam), **Amavasai Iravil** (Tamil), **Meena Bazaar** (Hindi), etc. **Mini** has won P. Chandrakumar many awards at the state level.

मद्यनिषेध, महिला तथा बाल कल्याण, दहेज विरोधी, नशीले पदार्थों से हानियाँ, विकलांग कल्याण आदि जैसे अन्य सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फिल्म पुरस्कार

डोघी (मराठी)

निर्माता : **एन.एफ.डी.सी** एवं **दूरदर्शन** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **सुमित्रा भावे** एवं **सुनील सुक्तानकर** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

मद्यनिषेध, महिला तथा बाल कल्याण, दहेज-विरोधी, नशीले पदार्थ, विकलांग कल्याण जैसे अन्य सामाजिक विषयों के सर्वोत्तम कथाचित्र का 1995 का पुरस्कार मराठी फिल्म **डोघी** को दो बहनों के गरीब ग्रामीण परिवार के चित्रण के लिए दिया गया है। फिल्म में रुढ़िबद्ध, द्वेषपूर्ण समाज में उनके जीवन की पीड़ा और अन्ततः उनकी आजादी का सुंदर चित्रण है।

AWARD FOR THE BEST FILM ON OTHER SOCIAL ISSUES SUCH AS PROHIBITION, WOMEN AND CHILD WELFARE, ANTI-DOWRY, DRUG ABUSE, WELFARE OF THE HANDICAPPED ETC.

DOGHI (MARATHI)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Producer: **NFDC & DOORDARSHAN, INDIA**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Director: **SUMITRA BHAVE & SUNIL SUKTANKAR**

Citation

The Award for the Best Film on other social issues such as prohibition, women and child welfare, anti-dowry, drug abuse, welfare of the handicapped of 1995 is given to the Marathi Film **DOGHI** for its depiction of a poverty-stricken rural family consisting of two young sisters. The agony of survival in a tradition bound hostile society and their subsequent liberation is beautifully depicted in the film.

सुमित्रा भावे एक समाज विज्ञानी और समाज अनुसंधनी से 1985 में फिल्म निर्माता बनीं। उनकी लघु फिल्म **बाई** को राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था। उन्होंने कई और लघु फिल्में बनाई - **पानी, मुक्ति, सम्वाद, सहयोग, चकोरी, सरशी, लाहा** आदि। **पानी** को 1987 में राष्ट्रीय पुरकार मिला था और **चकोरी** को अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए थे। उनकी कई फिल्में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भी प्रदर्शित हुईं।

Sumitra Bhave is a social scientist and a social reseacher turned film-maker since 1985. Her short film **Bai** won her a National Award. She has to her credit short films like **Pani, Mukti, Samvad, Sahyog, Chakori, Sarshi, Laha**. **Pani** received the National Award in 1987 and **Chakori** has won two International Awards. Her films have been screened abroad in many film festivals.

सुनील सुखतानकर ने फिल्म एवं टेलिविजन इन्सटिटयूट से फिल्म निर्देशन में स्नातक किया है। उनकी डिप्लोमा फिल्म थी **अनुत्तर** जिसे अच्छी सराहना मिली। सुनील ने सुमित्रा भावे की सभी फिल्मों में सह-निर्देशन किया है। फिल्म निर्देशन के अलावा वे महिला पत्रिकाओं में स्त्री स्वतंत्रावादी आलोचक लेख लिखते हैं।

Sunil Sukthankar is a graduate from Film and Television Institute of India in film direction with **Anutar** - his diploma film to his credit. He has been co-director with Sumitra Bhave for all her films. Apart from film making he writes femimist criticism in women's magazines.

पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण पर सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार

रेप इन द वर्जिन फौरेस्ट (बोड़ो भाषा)

निर्माता : **ज्वांगदेव बोडोसा** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **ज्वांगदेव बोडोसा** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण के सर्वोत्तम कथाचित्र का 1995 का पुरस्कार बोडो फिल्म **रेप इन द वर्जिन फौरेस्ट** को एक कबीले के लोगों की जिंदगी और उनके जद्दोजहद तथा वास्तविक अपराधियों का भडांफोड़ करने के द्वारा वनों को काटने की समस्या के प्रभावी चित्रण के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST FILM ON ENVIRONMENT/CONSERVATION/PRESERVATION

RAPE IN THE VIRGIN FOREST (BODO LANGAUGE)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Producer: **JWNGDAO BODOSA**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Director: **JWNGDAO BODOSA**

Citation

The Award for the Best Film on Environment/Conservation/Preservation of 1995 is given to the Bodo Film **RAPE IN THE VIRGIN FOREST** for effectively handling the problem of deforestation, through the life and struggle of a tribal community and exposing the real culprits behind this crime.

ज्वांगदेव बोडोसा ने पुणे के भारतीय फिल्म एवं टेलीविज़न संस्था से फिल्म निर्देशन में डिप्लोमा प्राप्त किया है। उसके पश्चात् उन्होंने सिनेमा प्रोडक्शन में जेवियर इंन्सटिट्यूट ऑफ कम्यूनिकेशन, बम्बई से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वे निर्देशन, कैमरा, तथा संपादन में ख्याति प्राप्त हैं तथा उनके सहयोग से बनी पहली बोडो फिल्म **अलायारों** को 1986 में रजत कमल प्राप्त हुआ था। उन्होंने अपनी प्रथम कथाचित्र **क्वम्सी लामा** 1991 में बनाई। उन्होंने करीब दस गैर कथाचित्र का भी निर्देशन किया है।
यह उनकी दूसरी फिल्म है।



Jwngdao Bodosa is a diploma holder in film direction from Film and Television Institute of India, Pune and Cinema Production from Xavier's Institute of Communication, Bombay. He has earned his reputation in direction, camera, editing and has collaborated in the first Bodo Film **Alayaron**, winner of Rajat Kamal in 1986. His first feature film was **Kwmsi Lama**, made in 1991. He also has nearly ten documentaries to his credit.
This is his second feature film.

सर्वोत्तम बाल कथाचित्र पुरस्कार

हैलो (हिन्दी)

निर्माता : **एन'सीप** को स्वर्ण कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **संतोष सिवान** को स्वर्ण कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम बाल कथाचित्र का 1995 का पुरस्कार हिन्दी फिल्म **हैलो** को, अभिनव ढंग से विषय को बनाने, एक बालक की नजरों से शहरी उदासीनता के प्रभावों को दर्शाने और इसकी स्मरणीय निष्पत्ति के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST CHILDREN'S FILM

HALO (HINDI)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Producer: **N'CYP**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Director: **SANTOSH SIVAN**

Citation

The Award for the Best Children's Film of 1995 is given to the Hindi Film **HALO** for its refreshing approach to the subject and in bringing out the impact of urban insensitivity from a child's point of view leading to a memorable finale.

संतोष सिवान की पहली फिल्म थी 'स्टोरी आफ टिब्लू' जिसकी अवधि 60 मि. थी और ये फिल्म डिविज़न के लिए बनाई गई थी। ये फिल्म अरूनाचल प्रदेश में स्थित थी। इस फिल्म को लघु चित्र का सर्वोत्तम पुरस्कार प्राप्त हुआ था। संतोष सिवान 1990 के ग़ैर कथाचित्र मण्डल के सदस्य थे। उन्होंने 17 कथाचित्र तथा 41 ग़ैर कथचित्रों का छायांकन किया जो हिन्दी, तमिल, मलयालम भाषाओं में है। उनकी कुछ फिल्में हैं **राख, रूदाली, गर्दिश** (सभी हिन्दी में) **रोजा** (तमिल/हिन्दी), **दलपती** (तमिल), **अभयम** (मलयालम), **इन्दिरा** (तमिल) इत्यादि। उन्हें **पेरूमथाचन** (मलयालम) के लिए छायांकन का 1991 का राष्ट्रीय पुरस्कार तथा ग़ैर कथाचित्र **में मोहिनिअट्टम** के लिए 1991 का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। उन्हें कई राज्य स्तर के पुरस्कार भी प्राप्त हुए।

ये उनकी द्वितीय कथाचित्र है।

Santosh Sivan has directed a 60 min. film 'Story of Tiblue' for Films Division and received the National Award for Best Short Fiction film (1988). The film was shot in Arunachal Pradesh. He has been the Jury member for documentaries for National Awards in 1990. He has done the cinematography for 17 feature films and 41 documentaries in Hindi, Tamil and Malayalam languages. Some of his films are **Raakh, Rudali, Gardish** (all in Hindi), **Roja** (Tamil/ Hindi), **Thalapathi** (Tamil), **Abhayam** (Malayalam) **Indira** (Tamil), etc. He received the National Award for Cinematography for Feature film for **Perumthachan** (Malayalam) (1991) and for documentary for **Mohiniyattam** (1991). He has received quite a few state awards as well.

This is his second film after the 'Story of Tiblue' as a director.

सर्वोत्तम निर्देशन पुरस्कार

सईद अख्तर मिर्ज़ा

निर्देशक : **सईद अख्तर मिर्ज़ा** को स्वर्ण कमल तथा 50,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम निर्देशन का 1995 का पुरस्कार **सईद अख्तर मिर्ज़ा** को, उनकी फिल्म **नसीम** में प्रतिभाशाली सिनेमाई दृष्टि और गीतात्मकता के साथ साम्प्रदायिक तनावों के बीच एक परिवार के विक्षोभ के मर्मस्पर्शी चित्रण के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST DIRECTION

SAEED AKHTAR MIRZA

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 50,000/- to the Director: **SAEED AKHTAR MIRZA**

Citation

The Award for the Best Direction for 1995 is given to **SAEED AKHTAR MIRZA** for his work in the Hindi Film **NASEEM** for the deeply moving portrayal of a family in turmoil in the midst of communal disharmony with lyrical quality and brilliant cinematic touches.

सईद अख्तर मिर्ज़ा ने अर्थ शास्त्र तथा राजनीति विज्ञान में बम्बई विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधी प्राप्त की। उन्होंने 6 वर्ष विज्ञापन के क्षेत्र में कार्य किया जिसके पश्चात उन्होंने 1976 में पुणे के फिल्म एवं टेलिविजन संस्था से फिल्म निर्देशन में डिप्लोमा प्राप्त किया। उनकी प्रथम फिल्म थी **अरविंद देसाई की अजीब दास्तां** (1978), जिसके पश्चात उन्होंने **एल्बर्ट पिंटो को गुस्सा क्यों आता है?** (1981), **मोहन जोशी हाज़िर हो** (1983) और **सलीम लंगड़े पे मत रो** (1989) का निर्देशन किया। उनके विषय के चयन तथा उसके व्यवहार को अत्यंत सराहा गया। **अरविंद देसाई की अजीब दास्तां** को बर्लिन फिल्म समारोह में दर्शाया गया तथा **एल्बर्ट पिन्टो को गुस्सा क्यों आता है?** को सईद की श्रेष्ठ फिल्म माना जाता है। **मोहन जोशी हाज़िर हो** को रायो डी जानेइरो फिल्म समारोह ब्राज़ील को सराहा गया तथा उसे सर्वोत्तम परिवार कल्याण का राष्ट्रीय पुरस्कार (1984) प्राप्त हुआ। उन्हें 1989 में **सलीम लंगड़े पे मत रो** के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला तथा इस फिल्म को उसी वर्ष टोक्यो के अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में दर्शाया गया। उनकी गैर कथाचित्रों में प्रमुख हैं – **द प्राब्लेमस् आफ अर्बन हाउसिंग, स्लम एविक्शन, पिपारसोड, इज़ एनिबडी लिस्निंग?, थर्ड वाएस** आदि। उन्होंने कई लोकप्रिय टेलिविजन धारावाहिक भी बनाए – नुक्कड़, इंतेजार और नया नुक्कड़।

Saeed Akhtar Mirza graduated in economic and political science from the University of Bombay. He worked in advertising for 6 years and obtained a diploma in film direction from Film and Television Institute of India, Pune in 1976. His debut film was **Arvind Desai Ki Ajeeb Dastan** (1978), which was followed by **Albert Pinto Ko Gussa Kyoon Atta Hai?** (1981), **Mohan Joshi Hazir Ho** (1983) and **Salim Langde Pe Matt Ro** (1989). His work was highly appreciated for the choice of subjects as well as its handling. **Arvind Desai Ki Ajeeb Dastan** was shown at Berlin film festival while **Albert Pinto Ko Gussa Kyon Atta Hai?** is considered Saeed's best film. **Mohan Joshi Hazir Ho** won high praise at Rio de Janeiro film festival, Brazil and received the National Award for Best Film on family welfare in 1984. He won the National Award for **Salim Langde Pe Matt Ro** in 1989 and the film was screened at International Film Festival in Tokyo in 1989. His documentaries include **The problems of urban housing, Slum eviction, Piparsod, Is anybody listening? The third voice,** etc. He has made popular television serials like Nukkad, Intezar and Naya Nukkad.

सर्वोत्तम अभिनेता पुरस्कार

रजत कपूर

अभिनेता : **रजत कपूर** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम अभिनेता का 1995 का पुरस्कार **रजत कपूर** के अंग्रेजी फिल्म **द मेकिंग ऑफ द महात्मा** में नियंत्रण एवं गरिमा के साथ दक्षिण अफ्रीका में गांधीजी के आरंभकालीन जीवन को अत्यन्त ही संवेदनशील ढंग से अभिनीत करने के लिए दिया गया है। कदम-ब-कदम एक सामान्य मानव का महात्मा में परिवर्तन बड़े ही सहज ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

AWARD FOR THE BEST ACTOR

RAJIT KAPUR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Actor: **RAJIT KAPUR**

Citation

The Award for the Best Actor of 1995 is given to **RAJIT KAPUR** for his work in the English Film **THE MAKING OF THE MAHATMA** for his extremely sensitive portrayal of Gandhi during his early years in South Africa with great restraint and control. The step by step transformation of a normal man to that of Mahatma is convincingly depicted.

रजत कपूर की सर्वप्रथम अभिनित फिल्म थी श्याम बेनेगल निर्देशित **सूरज का सातवाँ घोड़ा** (1992) जिसके पश्चात् उन्होंने उन्हीं की फिल्म **मम्मो** (1994) में भी अभिनय किया। इन फिल्मों के अलावा उन्होंने बुद्धादेव दासगुप्त की बंगला फिल्म **चराचर** (1993) तथा प्रकाश झा की हिन्दी फिल्म **दीदी** (1994) में भी अभिनय किया। रजत कपूर ने जज़ीरे (1989) और सम्भवी (1993) नामक दो टेलीविजन धारावाहिकों में भी अभिनय किया है। इसके अलावा उनके अभिनित टी.वी. धारावाहिक हैं - घर जमाई (1986), ब्योंकेश बक्षी (भाग-1 1992 तथा भाग-2 1995), जुनून (1994) जमीन आसमान (1994) तथा कई अन्य। रजत ने थियेटर में भी काफी काम किया है। उनके कुछ प्रमुख नाटक इस प्रकार हैं - लैरिंस साहब, गैसलाइट, आर देयर टाइगर्स इन कांगो? (1993), वन फॉर द रोड (1994) आदि।

ये उनका प्रथम राष्ट्रीय पुरस्कार है।

Rajit Kapur had first acted in a Shyam Benegal directed feature film **Suraj Ka Satvan Ghoda** (1992) followed by yet another Benegal film, **Mammo** (1994). Beside these he has also acted in Buddhadeb Dasgupta directed **Charachar** (1993) in Bengali and **Didi** (1994) in Hindi directed by Prakash Jha. Rajit has acted in teleserials Jazeere (1989) and Sambhavi (1993). He has worked in many TV serials like Ghar Jamai (1986), Byomkesh Bakshi (Part I 1992 & Part II 1995). Junnon (1994) Zameen Aasman (1994) and many others. Rajit has a strong background in theatre. Some of his prominent plays include Larins Sahib, Gaslight, Are there Tigers in Congo? (1993), One for the Road (1994) and others. This is his first National Award.

सर्वोत्तम अभिनेत्री पुरस्कार

सीमा बिस्वास

अभिनेत्री : **सीमा बिस्वास** को रजत कमल तथा 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम अभिनेत्री का 1995 का पुरस्कार सीमा बिस्वास को हिन्दी फिल्म **बैंडिट क्वीन** में विश्वास और लावण्यता के साथ एक डाकू की विवादास्पद भूमिका बड़े ही शौर्य और विलक्षण ढंग से निभाने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST ACTRESS

SEEMA BISWAS

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Actress: **SEEMA BISWAS**

Citation

The Award for the Best Actress of 1995 is given to **SEEMA BISWAS** for her stunning and courageous portrayal of the controversial role of a bandit with grace and conviction in the Hindi Film **BANDIT QUEEN.**

सीमा बिस्वास असम के नालबारी क्षेत्र में पली-बढ़ी हुई। गुवाहाटी विश्वविद्यालय से स्नातक होने के बाद वे दिल्ली के नेशनल स्कूल आफ ड्रामा में ड्रामेटिक्स की शिक्षा प्राप्त करने आईं। उन्होंने अभिनय में कुशलता हासिल की। उसके बाद करीब 10 वर्षों तक नेशनल स्कूल आफ ड्रामा के रेपर्टरी कम्पनी में काम किया।

उनके 15 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने 50 से अधिक नाटकों में काम किया जिसके दौरान उन्हें कई वैभवशाली निर्देशकों का संगत प्राप्त हुआ। उनके द्वारा अभिनित कथाचित्र है - **अश्विनी, अगला मौसम, बैंडिट क्वीन** तथा **खामोशी**। उन्हें प्रसिद्ध बलराज साहनी पुरस्कार से भी नवाज़ा जा चुका है।

ये उनकी प्रथम राष्ट्रीय पुरस्कार है।

Seema Biswas was born and brought up in Nalbari, Assam. She has graduated with a Bachelor of Arts degree from Guwahati University and after that proceeded on to graduate in Dramatics from National School of Drama with a specialisation in Acting. Seema worked with the National School of Drama's Repertory company for nearly a decade.

During the 15 years span of her career, she has acted in more than 50 plays under eminent directors of India and abroad. She has also acted in feature films - **Ashwini, Agla Mausam, Bandit Queen** and **Khamoshi**. She has received the prestigious Balraj Sahani award for her contribution to theatre.

This is her first National Award in films.

सर्वोत्तम सह-अभिनेता पुरस्कार

मिथुन चक्रवर्ती

सह-अभिनेता : **मिथुन चक्रवर्ती** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम सह-अभिनेता का 1995 का पुरस्कार मिथुन चक्रवर्ती को हिन्दी फिल्म **स्वामी विवेकानन्द (भाग-1)** में श्री रामकृष्ण परमहंस की शानदार आत्म परीक्षक की भूमिका करने के लिए और पात्र को आध्यात्मिक स्तर पर सफलतापूर्वक उभारने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST SUPPORTING ACTOR

MITHUN CHAKRABORTY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Actor: **MITHUN CHAKRABORTY**

Citation

The Award for the Best Supporting Actor of 1995 is given to **MITHUN CHAKRABORTY** for his brilliant and soul searching portrayal of Shree Ram-Krishan Paramahansa in the Hindi film **SWAMI VIVEKANANDA (PART-I)** and succeeds in elevating the character to a spiritual level.

मिथुन चक्रवर्ती भारत के जाने माने कलाकार हैं जिनके अभिनय का आरम्भ मृनाल सेन की फिल्म **मृगया** से हुआ।

उन्होंने विज्ञान में स्नातक का दूसरा वर्ष कलकत्ता विश्वविद्यालय में पूर्ण करने के बाद पुणे के फिल्म इनस्टिट्यूट में दाखिला लिया जहाँ से वे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

मिथुन को **मृगया** के लिए 1976-77 में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ तथा सोवियत संघ में पीकॉक पुरस्कार भी दिया गया। उसके बाद उन्हें कई पुरस्कार प्राप्त हुए जिनमें **ताहादेर कथा** (बंगला) के लिए 1993 का राष्ट्रीय पुरस्कार भी था। उन्होंने बंगला और हिन्दी में कुल मिलाकर 200 से अधिक फिल्मों में मुख्य भूमिकाएँ निभाई हैं। परंतु रामकृष्ण परमहंस के इस पात्र को निभाने के लिए उन्हें अपने आप में बहुत बदलाव लाना पड़ा।

Mithun Chakraborty, a superstar of the Indian film industry and a heart throb of millions started his career from Mrinal Sen's modern classic **Mrigayya**.

Before that he passed II year B. Sc with Distinction from Calcutta University and then passed in I class a course in acting from the Film Institute in Pune.

Mithun won his first National Award for **Mrigayya** in 1976-77 and the Peacock Award from USSR for the same. Since then he has won scores of awards which include National Award for Best Actor for **Tahader Katha** (Bengali) in 1993. He has worked in over 200 films in main leads in both Hindi and Bengali feature films. But he had to transform himself incredibly to do the role of Ramakrishna Parasamhans for which he gets the National Award again.

सर्वोत्तम सह-अभिनेता पुरस्कार

अरनमुला पोनाम्मा

सह-अभिनेता : **अरनमुला पोनाम्मा** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम सह-अभिनेत्री का 1995 का पुरस्कार **अरनमुला पोनाम्मा** को मलयालम फिल्म **कथापुरुषम** में उनकी दादी मां की भूमिका के लिए दिया गया है जिसे उन्होंने गहरी संवेदनशीलता से निभाया है जिसके कारण उनकी उपस्थिति फिल्म में स्मरणीय हो गई है।

AWARD FOR THE BEST SUPPORTING ACTOR

ARANMULA PONNAMMA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Supporting Actress: **ARANMULA PONNAMMA**

Citation

The Award for the Best Supporting Actress of 1995 is given to **ARANMULA PONNAMMA** for her work in the Malayalam Film **KATHAPURUSHAN** in which she plays the role of a grand mother with tremendous sensitivity which makes her presence in the film memorable.

अरनमुला पोनाम्मा का जन्म 1915 में हुआ तथा उन्हें संगीत की प्रेरणा अपनी माता से मिली। उन्होंने संगीत की उच्च परीक्षा अल्प आयु में उत्तीर्ण की तथा कई स्कूलों में संगीत अध्यापिका का काम किया। 1940 में उन्होंने स्वाती तिरूनल संगीत अकादमी से शिक्षण प्राप्त किया और तीन वर्ष के बाद उन्हें गायिका की उपाधी मिली। उसके पश्चात् उन्हें तरक्की मिली और उनकी त्रिवेन्द्रम के कॉटन हिल हाई स्कूल में नियुक्ति हुई। 1945 में उन्होंने प्रथम नाटक भाग्यलक्ष्मी में मुख्य अभिनेत्री का अभिनय किया। उन्होंने दर्शकों को अपने अभिनय और उत्तम गायन से मुग्ध कर दिया।

कैलाश पिक्चरस् की **शशीधरन** (1950) उनकी प्रथम फिल्म थी जिसमें उन्होंने मुख्य अभिनेत्री के माँ का अभिनय किया। उसके पश्चात् अब तक वे लगभग 300 फिल्मों में माँ के पात्र में अभिनय किया है जो अपने आप में एक कीर्तिमान है।

Aranmula Ponnamma was born in 1915, and inherited a keen taste for music from her mother. After passing the higher examination in music at an early age, she worked as a music teacher in several schools. In 1940, she joined the Swati Tirunal Music Academy and at the end of the three year course secured the title, 'Gayika'. Subsequently she was promoted and posted at Cotton Hill High School, Thiruvananthapuram. In 1945, already a mother of two, she joined the theatre. Her first play was, **Bhagyalakshmi** and she did the heroine's role. She could enthrall the audiences with her elegant acting and excellent singing.

Kailash Pictures' **Sasidharan** (1950) was her first film in which she enacted the part of the heroine's mother. Ever since she has appeared in nearly 300 movies creating a record of sorts for the maximum number of mother-roles.

सर्वोत्तम बाल कलाकार पुरस्कार

मास्टर विश्वास

बाल कलाकार : **मास्टर विश्वास** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम बाल कलाकार का 1995 का पुरस्कार **मास्टर विश्वास** को कन्नड़ फिल्म **क्राउर्या** में वयस्कों की क्रूर और गैर समझ वाली दुनिया में डरे हुए एक बच्चे की संवेदनशील भूमिका के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST CHILD ARTISTE

MASTER VISHWAS

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Child Actor: **MASTER VISHWAS**

Citation

The Award for the Best Child Actor of 1995 is given to **MASTER VISHWAS** for his work in the Kannada Film **KRAURYA** for his sensitive portrayal of a child, traumatised in an adult world devoid of love and understanding.

मास्टर विश्वास की आयु 12 वर्ष है और वे नवोदय विद्यालय, बंगलौर की आठवीं कक्षा के छात्र हैं। उन्होंने अब तक 8 फिल्मों में कार्य किया जिसमें से **क्रौर्य** ही प्रमुख है। उनकी फिल्में है **कीर्ति तांड पुरानीगलु, माना मेचिडा सोस, चिन्न नी नागुतिरू, जाना, हालुन्ड तवारू, रवि तीज, पुतननजा तथा क्रौर्य।**

विश्वास ने 2 वर्ष की आयु से ही भरतनाट्यम की शिक्षा प्राप्त की और मांजेश्वर तथा उसके आस-पास अपने सह कलाकारों के साथ कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बंगलौर आकर उन्हें अभिनय का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने बंगलौर में भी नृत्य नाटिकाओं में नृत्य प्रस्तुत किया है। विश्वास एक अच्छे डबिंग कलाकार भी हैं। उन्होंने टी.वी. सीरीयल में भी काम किया है।

Master Vishwas is 12 years old and is a student of 8th Standard in Navodaya Vidyanikethana, Bangalore. He has as yet acted in 8 films with the character in **Kraurya,** being the major one. His films include **Keerthi Tanda Puranigalu, Mana Mechida Sose, Chinna Nee Nagutiru, Jaana, Halunda Tavaru, Ravi Teja, Putnanja** besides **Kraurya.**

He has been learning Bharatnatyam since the age of 2 years and has given many performances in and around Manjeshwar as a member of his dance troupe. In Bangalore he got the opportunity to act in films. He has performed in many a ballets in Bangalore also. Vishwas is also a good dubbing artist. He has acted in TV serials also.

सर्वोत्तम पार्श्व गायक पुरस्कार

एस.पी. बालासुब्रमण्यम

पार्श्व गायक : **एस.पी. बालसुब्रमण्यम** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम पार्श्व गायक का 1995 का पुरस्कार **एस.पी. बालसुब्रमण्यम** को कन्नड़ फिल्म **संगीत सागर ज्ञानयोगी पंचाक्षर गवई** में शास्त्रीय गीत ''उमड़-घुमड़ गरजे बदरा..... '' के भावपूर्ण गायन के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST MALE PLAYBACK SINGER

S.P. BALASUBRAMANYAM

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Male Playback Singer: **S.P. BALASUBRAMANYAM**

Citation

